

## एक नजर

### नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक संपन्न

**नर्मदापुरम** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। यह लोक अदालत वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत होगी जो तहसील स्तर के न्यायालयों, सहित सर्वोच्च न्यायालय तक संपूर्ण भारत में आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती तृप्ति शर्मा की अध्यक्षता में एवं न्यायाधीश / सचिव श्री विजय कुमार पाठक की उपस्थिति में गुरूवार 20 नवम्?बर 2025 को वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु तैयारियों के संबंध में विद्युत विभाग, नगर पालिका, बी.एस.एन.एल. एवं शासकीय /अशासकीय बैंक के अधिकारीगण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं बैंकों के शाखा प्रबंधकों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों को रखने एवं निराकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सचिव श्री विजय कुमार पाठक द्वारा बताया गया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जायेंगें तथा आपसी समझौते एवं सुलह के आधार पर निपटाये जायेंगे।

# पर्यटकों को मिली हवाई सेवा



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 20 नवम्बर** मध्य प्रदेश में बढ़ती पर्यटन संभावना को देखते हुए यह सेवा न केवल यात्रियों के समय की बचत करेगी बल्कि उन्हें अधिक सुरक्षित सुविधाजनक और किफायती फायदेमंद यात्रा अनुभव भी उपलब्ध कराएगी। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 3 सेक्टर में पीएम श्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा का संचालन किया जाएगा, इनमें पहला सेक्टर आध्यात्मिक सेक्टर होगा। इसके तहत उज्जैन ओंकारेश्वर के दर्शन हेतु मिनटों में किफायती किराए पर पीएम श्री हेलीकाप्टर सेवाएं का संचालन किया जा रहा है। दूसरा सेक्टर इको टूरिज्म सेक्टर है जिसमें भोपाल मढई पचमढ़ी तक पर्यटकों को हवाई सुविधा उपलब्ध कराना है इसके तहत भोपाल से मढई तक 40 मिनट की उड़ान का अनुमानित किराया 4000 तथा मढई से पचमढ़ी तक का 20 मिनट की उड़ान का किराया 3000 है इसकी अतिरिक्त भोपाल से पचमढ़ी के लिए 1 घंटे की सीधी उड़ान भी उपलब्ध रहेगी, जिसका किराया 5000 प्रति यात्री है। पचमढ़ी में जाय राइडस का विकल्प भी उपलब्ध होगा। जिससे प्रकृति आधारित अनुभव और भी आकर्षक बनेगा। तीसरा सेक्टर वाइल्डलाइफ सेक्टर है जिसके तहत पर्यटकों को जबलपुर कान्हा किसली, बांधवगढ़ सहित प्रमुख स्थलों तक त्वरित गति से पहुंचाया जाएगा। एक अन्य सेक्टर हेरीटेज सेक्टर भी है पीएम श्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा के माध्यम से भोपाल से सतना, रीवा, सिंगरौली और खजुराहो के बीच हवाई संपर्क और अधिक तेज और सुगम और सुविधाजनक किया गया है।

**तवा डैम के लिए भी प्रयास करेंगे - सांसद श्री चौधरी**

पीएम श्री हवाई सेवा के शुभारंभ अवसर पर सांसद र्शन सिंह चौधरी ने सभी क्षेत्रवासियों से इस सेवा का लाभ लेने का आह्वान किया और बताया कि किफायती फायदे दर पर मढई से पचमढ़ी, पचमढ़ी से मढई होते हुए भोपाल पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पीएम श्री हेलीकॉप्टर की सेवाएं तवा डैम के लिए भी शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद - सांसद

राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने पीएम श्री हेलीकाप्टर सेवाएं शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी के प्रयासों से भी यह हवाई सेवा उपलब्ध हो पाई है।

**क्षेत्र का अभूतपूर्व विकास होगा**

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने से सोहागपुर क्षेत्र में और तेजी से विकास होंगे। बड़ी संख्या में पर्यटक मढई पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए निकट भविष्य में चार हेलीपैड बनाना होगा।

**पर्यटक सतपुड़ा के जंगलों का अनुभव कर सकेंगे - विधायक श्री नागवंशी**

पिपरिया के विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि उन्होंने कहा कि अब पर्यटक हमारे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के जंगलों एवं प्राकृति का हवाई मार्ग से भी अनुभव कर सकेंगे। श्रीमती प्रीति शुक्ला ने भी संबोधित किया।

## रिहा बंदियों के ऋण प्रकरण शीघ्र स्वीकृत किये जाएं



कलेक्टर सोनिया मीना ने केंद्रीय जेल नर्मदापुरम का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान बंदी वार्ड, जेल विद्यालय का अवलोकन किया

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/20,नवंबर,2025/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा गुरुवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल डिस्पेंसरी, बंदी वार्ड, जेल विद्यालय, बंदी सेल इत्यादि का अवलोकन किया गया। जेल चिकित्सक डॉ. विपिन अहिरवार ने मानसिक रोगियों, गंभीर बीमारी से ग्रसित बंदियों, मेडिकल कैंप, ई-संजीवनी तथा दवाई वितरण सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी कलेक्टर को प्रदान की। निरीक्षण के दौरान दंडित एवं विचाराधीन बंदियों से रहन-सहन, खान-पान एवं प्रकरण संबंधी जानकारी ली गई, जिसमें बंदियों द्वारा किसी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। जेल विद्यालय में प्रदेश के प्रथम महिला बंदी स्वसहायता समूह अंजनी स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा कलेक्टर का स्वागत किया गया। विचाराधीन महिला बंदी लालबेन हिमी द्वारा बनाई गई स्केच पेंटिंग कलेक्टर को भेंट की गई। महिला एवं पुरुष बंदियों द्वारा निर्मित कपड़े के थैले, पेंटिंग, बांस का सोफा, टेडी बियर, मूर्ति गमले, दरी, नमकीन, अचार एवं मोरिंगा पाउडर सहित अन्य वस्तुओं की प्रदर्शनी का निरीक्षण कर कलेक्टर ने सराहना की। इसके उपरांत कलेक्टर की अध्यक्षता में बंदी स्वरोजगार एवं कौशल विकास प्रशिक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक जेल विद्यालय सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में निकट भविष्य में रिहा होने वाले बंदियों को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु भेजे गए ऋण प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## शीत-घात से बचने के लिये बरतें सावधानियां

**नर्मदापुरम.**शीत लहर का प्रभाव प्रत्येक वर्ष दिसंबर-जनवरी के महीनों में होता है और कभी-कभी विस्तारित शीतलहर की घटनाएं नवंबर से फरवरी तक होती है। मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान में विभिन्न मौसमों के दौरान काफी भिन्नताएं रहती हैं.

## विश्नोई समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 20 नवम्बर** समापन अवसर पर धर्म सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज की वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल पटेल छिड़गांव ने की मंचासिन अतिथि जगदीश साहू अध्यक्ष बिश्नोई मंडल खातेगांव, गोविंद सारण अध्यक्ष चौकड़ी मंदिर समिति, रामनाथ पवार अध्यक्ष शहिद अमृता देवी विश्नोई गौशाला धनगांव, पूर्व अध्यक्ष बद्रीप्रसाद कालीराणा, रामदयाल झुरिया, वरिष्ठ समाज सेवी लक्ष्मीनारायण पंवार, मोहन साईं अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी हरदा,राजेश गोदारा जिला महामंत्री भाजपा, श्रीराम लोल राजस्थान, ब्रजमोहन गीला




सरपंच नीमगांव, सभी अतिथियों का सम्मान मध्य क्षेत्र बिश्नोई सभा के अध्यक्ष आत्माराम पटेल, कोषाध्यक्ष श्यामलाल बाबल उपाध्यक्ष गण राधेश्याम सारण, हरनारायण जांणी, रमेश बिश्नोई, रामसहोदर पंवार, सह सचिव वीरेंद्र भादू, सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण लोल, परमानंद गीला, सचिन गीला के द्वारा किया गया। समाजिक विषयों पर अपनी बात रखने के लिए डॉ जगदीश सारण, प्रेमनारायण पंवार, धर्मवीर लोल, इंद्रपाल जाणी, दीपक जाणी, राजेश गोदारा, मोहन सांई, रामदयाल झुरिया, लक्ष्मीनारायण पंवार ने अपना उद्बोधन दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म जयंती मनाई

**पिपरिया** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जन्म जयंती मनाई गई। कांग्रेस सेवादल द्वारा सुमंगल सिंह राजपूत की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किये।

## बाहर गये निवासियों के नाम मतदाता सूची में जुड़ेंगे रिवीजन अभियान में



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 20 नवंबर 2025** इटारसी नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 में कांग्रेस पार्षद दिलीप गोस्वामी ने मतदाता सूची रिवीजन (SIR) अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे है। 2003 की पुरानी वोटर लिस्ट में नाम न मिलने वाले सैकड़ों निवासियों, खासकर उन लोगों के रिकॉर्ड ढूंढने में उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मदद की, जो वार्ड से बाहर चले गए हैं लेकिन मूल निवासी हैं। इस प्रयास से अब तक 50 से ज्यादा परिवारों को फायदा हुआ है, और उनके नाम नई लिस्ट में जुड़ने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सभी वार्ड वासियों से अपील की है जिन लोगों को भी फॉर्म दिए गए हैं उनका फॉर्म भरकर बीएलओ के पास सबमिट कराया जाए॰

## लैंगिक असमानता नाटक का किया आयोजन

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**माखननगर, 20 नवम्बर** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बाल चौपाल एवं लैंगिक असमानता नाटक का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा बाल संरक्षण सप्ताह के छठवें दिन ग्राम शुक्करवाडा प्राथमिक विद्यालय में लैंगिक असमानता पर नाटक का मंचन तथा बाल चौपाल का भी आयोजन किया गया. जिसमें प्राथमिक शाला के बच्चों को लैंगिक असमानता के बारे में छात्रों द्वारा बताया गया. सप्ताह के अंतिम दिवस में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर कविता दुबे और डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान उपस्थित थे. इसमें क्षमा मेहरा, डॉ आकांक्षा यादव ,प्रो. शिवानी मालवीय का भी योगदान रहा.

## नि:शुल्क स्वेटर, जूते व मौजे का वितरण हुआ

**पिपरिया** एकता स्पोर्टस द्वारा शासकीय स्कूलो के विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर,जूते,मौजे वितरित किये। मंगलवारा धर्मशाला में स्कूलो के 1500 से अधिक विद्यार्थियों को एकता स्पोर्टस क्लब द्वारा स्वेटर,जूते व मौजे वितरित किये।

## सौ गणना पत्रक ऑनलाइन करने वाले सम्मानित




**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 20 नवम्बर** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है।

जिला नर्मदापुरम में कलेक्टर सोनिया मीना के नेतृत्व में जिले की चारों विधान सभा में यह कार्य किया जा रहा है । विधान सभा होशंगाबाद में 238 मतदान केन्द्र हैं जिनमें एसआईआर का कार्य चल रहा है । जानकारी में मतदाता को 2003 की मतदाता सूची से मेप किया जाता है यदि मतदाता नया है तो पिता की आई डी से और यदि बाहर से आया है तो उसके माता, पिता, दादा अथवा दारी से मेप किया जाता है यदि मतदाता 2003 में और कहीं का मतदाता है तो उसे उसी से मेप कर दिया जाता है । एसडीएम जय सोलंकी ने बताया कि विधान सभा होशंगाबाद के 2 मतदान केन्द्रों में गणना पत्रक भरने का कार्य पूर्ण किया है जिसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 1 के बीएलओ कुंअर सिंह वाडिवा, सुपरवाईजर संजय लोनारे, मतदान केन्द्र क्रमांक 8 के बीएलओ राकेश यादव एवं सुपरवाईजर रामकुमार गौर ने 100 प्रतिशत कार्य पर्ण किया है। मतदान केन्द्र का कार्य होने पर इन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, नायब तहसीलदार हंस कुमार ओनकर एवं रूचि गोयल, एसआईआर कार्य के प्रभारी अमित श्रीवास्तव प्रोग्रामर जितेन्द्र यादव, गणेश मेहरा, सीमा शर्मा, शीतल श्रीवास्तव उपस्थित रहे

## ई आफिस कार्यप्रणाली का निरीक्षण, प्रशिक्षण संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/20,नवम्बर,2025** / गुरवार को अनुभाग सिवनी मालवा में एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जनपद पंचायत सिवनी मालवा का ई-ऑफिस कार्यप्रणाली संबंधी निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राष्ट्रीय सूचना केंद्र श्री मनीष गुणवान, प्रशिक्षक, ई-दक्ष केंद्र श्री प्रज्वल शुक्ला, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक नर्मदापुरम श्री संदीप कुमार चौरसिया, निरीक्षण दल में शामिल रहे। निरीक्षण तथा प्रशिक्षण, दोनों सत्रों में एसडीएम सिवनी मालवा श्री विजय राय, तहसीलदार सिवनी मालवा, तथा नायब तहसीलदार सिवनी मालवा स्वयं उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति से प्रशिक्षण को विशेष गंभीरता, मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिला। प्रशिक्षण सत्र के दौरान ई-ऑफिस के उपयोग, दैनिक फाइल प्रबंधन, नोट एवं ड्राफ्ट निर्माण, डायरी/डिस्पैच, संदर्भ संलग्नकरण, पार्किंग / अन पार्किंग, भूमिका प्रबंधन तथा डैशबोर्ड उपयोग जैसी प्रक्रियाओं का विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा कर्मचारियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया, जिससे प्रतिभागियों को ई-ऑफिस की कार्यशैली को समझने में अत्यधिक सुविधा हुई। एसडीएम विजय राय ने बताया कि कर्मचारियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत लाभप्रद पाया।

## सुपरवाइजर गाय से टकराया घायल

**पिपरिया** एसआईआर के कार्य देखने वाले सुपरवाइजर के बीसी के लिये आते समय रास्ते में गाय से टकरा जाने से सुपरवाइजर घायल हुआ। पिपरिया अनुविभाग के अंतर्गत मतदान केन्द्र 219 से 228 डूमर सलैया फज्जू, बारछी, मलकजरा, तिनसिंरी, केन्द्रो से रिपोर्ट लेकर वापिस हो रहे सुपर वाइजर उमरधा के शिक्षक बीसी में शामिल होने बनखेडी लौटते समय चांदौन के पास पुलिया के नजदीक गाय का बछडा आ जाने से टकराकर घायल हो गये.

## शीत लहर पर आस्था भारी, स्नानार्थियों का लगा तांता

**नवभारत न्यूज**

**हंडिया, 20 नवम्बर 2025** पुण्य सलिला माँ नर्मदा के पवित्र जल में गुरूवार को दर्श अमावस्या के अवसर पर अल सुबह से ही नर्मदा घाटों पर हजारों की तादाद में श्रद्धालु ने लगाई आस्था कि डुबकी। इस विशेष अवसर पर नेमावर के नर्मदा तट के सिद्धनाथ घाट नागर घाट व हंण्डिया के रिध्दनाथ घाट पर श्रृध्दालुओं का तांता अल सुबह से ही शुरु हो गया सुबह से ही हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा के पावन तट पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाकर दरिद्रनारायणो को दान पुण्य किया तथा प्राचीन शिवालयों में जलाभिषेक किया। देश भक्ति और जनसेवा वाली पुलिस अपने कर्तव्य के प्रति



निष्ठावान रही और प्रमुख घाटों एवं चौराहों पर सतत निगरानी करती नजर आयी ताकि कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके। प्रमुख घाटों की स्थिति का जायजा लेकर सतत निगरानी रखते हुए अपनी पैनी नजर रखी। प्रशासन द्वारा जहां एक ओर भिक्षा वृति पर प्रदेश सरकार पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है। बावजूद इसके हंडिया व अन्य नर्मदा घाटों पर बच्चों से ही भिक्षा वृति कराई जा रहीं थी। ऐसे में कैसे पूरी होगी भिक्षावृति पर लगाम लगाने की मंशा.

## हिरन के बच्चे को वनविभाग को सौंपा

**पिपरिया** मुडियाखेडा में हिरन को कुत्तो द्वारा हमला करने का प्रयास करने पर लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने बचाया। मुडियाखेडा के लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने देखा की खेत में हिरन व उसके बच्चे को कुत्तो के द्वारा हमला करने का प्रयास किया जा रहा है तत्काल पहुंच कुत्तो को भगाया व ग्राम कोटवार को सूचना दी। कोटवार ने वनविभाग सूचना दी। परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देश पर वनविभाग की टीम ने पहुंच मौक पंचनामा कार्वाही कर वन में छोडने ले गये। ग्रामीणजनों हिरन के बच्चे को वनविभाग की टीम को सौपा.

### 48 वर्ष पुराने 132 के .वी .सबस्टेशन का रिमॉडलिंग कार्य पूर्ण

**पिपरिया .** मप्र पावर ट्रांसमिशन कम्पनी एमपी ट्रांसको द्वारा पिपरिया में 48 वर्ष पुराने 132 केव्ही सबस्टेशन का रिमॉडलिंग कार्य पूर्ण किया गया। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीएस राघव ने बताया कि ऊर्जा मंत्री प्रदुम्नसिंह तोमर के मार्गदर्शन में विद्युत पारेषण तंत्र को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के लिये जहां नये सबस्टेशन,ट्रांसमिशन लाइन में और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा रहे है वही पुराने सबस्टेशनो को भी उन्नत किया जा रहा है।

## हरदा जनांदोलन को लेकर सर्व सेन समाज का पूर्ण समर्थन




21 सूत्रीय मांगों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया।

**नवभारत न्यूज**

**खिरकिया, 20 नवम्बर** गुरुवार को करणी सेना परिवार सर्व समाज खिरकिया कार्यालय पर सर्व सेन समाज के सभी सामाजिक बन्धु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए एवं एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सामाजिक बन्धुओं ने एक मत होकर 21 दिसंबर हरदा जनक्रांति न्याय आंदोलन के समर्थन में अपनी आवाज़ बुलंद की। साथ ही सभी ने एकजुटता दिखाते हुए अधिक से अधिक संख्या में हरदा आंदोलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की बात कही।

वही आंदोलन की 21 सूत्रीय मांगों को जन जन तक पहुचाने का निर्णय लिया। इस दौरान होने जा रहे आंदोलन को ओर अधिक बेहतर करने को लेकर सभी ने अपने अपने विचार रखें।

## ईंट निर्माण को लेकर ग्रामीण और ईंट संचालकों में हुआ विवाद

**नवभारत समाचार**

**हण्डिया 20 नवम्बर** ग्राम गोला—मैदा—सीगोन क्षेत्र में ईंट निर्माण को लेकर ग्रामीणों और ईट भटटा संचालक अमने सामने आ गये हैं।

दोनों के बीच विवादित लगातार विवाद है कि रूकने का नाम नहीं ले रहा है। गबला ग्राम के ग्रामीणों का कहना है कि ईट भटटा संचालक खनिज विभाग के नियमों को दरकिनार करते हुए। मिटटी कि खुदाई कर रहे हैं। जिससे नर्मदा किनारे का भाग कटने से कभी भी बाढ़ से गॉव को भारी तबाही का सामना करना पड़ सकता है। उधर ग्रामीणों और ईट भटटा संचालक ने अलग - अलग ज्ञापन सौंप कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उधर ईट संचालको का कहना कि हमने शासन के सभी नियमों का पालन कर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खनिज विभाग, तहसील कार्यालय और थाना हंडिया — सभी जगह से स्वीकृति प्राप्त करने के बाद ही इस वर्ष ईंट निर्माण कार्य शुरू किया है।

## जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य बने सत्यम अग्रवाल



**इटारसी।** जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। साई कृष्णा रिसॉर्ट के संचालक सत्यम अग्रवाल को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा, विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा की अनुशंसा पर की गई है। श्री अग्रवाल के मनोनयन पर जिले के विभिन्न व्यापारी संगठनों, उद्योग संघों सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी.

## स्टेट हाईवे की बदहाल स्थिति पर छीपाबड़ रहा बंद

**नवभारत न्यूज**

**खिरकिया, 20 नवम्बर** हरदा - खंडवा स्टेट हाईवे की बदहाली जग जाहिर है हालाकि हरदा से पेचवर्क का कार्य छिपाबड़ तक पहुँच गया है पर छीपाबड़ वाले हिस्से की जर्जर हालत और उड़ती धूल-मिट्टी से त्रस्त स्थानीय व्यापारियों व आम जनता ने कांग्रेस के आह्वान पर एकजुट होकर जोरदार विरोध दर्ज किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बद्री पटेल , शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी युवा कांग्रेस नेता प्रद्युमन कुशवाह भूपेंद्र राजपूत जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनुरूप बायवार द्वारा ब्लॉक कांग्रेस के बेनर तले आयोजित छिपाबड़ नगर बंद पूरी तरह सफल रहा। मुख्य बाजार की राह पर उड़ती धूल, मिट्टी और गड्ढों से परेशान व्यवसायियों ने अपने



प्रतिष्ठान बंद रखकर धरने में शामिल होकर प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

**बदहाल आमजन का 'नरक मार्ग'**

महाराणा प्रताप चौराहे पर ब्लाक कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना स्थल पर पहुचे विधायक डॉ. आर.के. दोगने ने सड़क की दुर्दशा से परेशान व्यापारियों और रहवासियों की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया। छीपाबड़ मुख्य मार्ग की हालत ऐसी है कि धूल-मिट्टी की वजह से व्यापार रुक गया है.

उड़ती धूल लोगो की बीमारी का कारण बन रही हे इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी गंभीर लापरवाही को दर्शाती है.